दिनांक 11.05.2018

स्वच्छ भारत अभियान **स्वच्छ एवं सुदर भिलाई**

भिलाईनगर/नगर पालिक निगम, भिलाई के आयुक्त श्री के0एल0 चौहान ने स्वास्थ्य अधिकारी को सक्त निर्देश देते हुए कहा कि समस्त जोन में पदस्थ स्वच्छता निरीक्षक, एवं पर्यवेक्षक को निगम क्षेत्र के अंतर्गत सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान देवें कहीं पर भी कचरा एकत्रित न हो, नियमित नालियों की सफाई आवश्यकतानुसार दवाईयों का छिड़काव हो ऐसी व्यवस्था सुनिश्चित करें ताकि मौसमी बिमारियों से बचाव किया जा सके। मेरे द्वारा स्वयं वार्डों का आकस्मिक निरीक्षण किया जायेगा कार्य पर लापरवाही, या अनुपस्थित पाये जाने पर सीधी कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये।

निगम आयुक्त के निर्देशानुसार निगम क्षेत्रान्तर्गत मौसमी एवं जलजनित बिमारियों की रोकथाम एवं बचाव के लिए निगम का स्वास्थ्य विभाग एवं शहरी परिवार कल्याण केन्द्र सुपेला द्वारा गठित संयुक्त टीम द्वारा निरंतर स्वास्थ्य शिविर का कार्य जारी है। 01 से 10 मई के मध्य वार्ड 07, 44, 22, 23, 09, 42, क्रमशः फरीद नगर में शिवपारा मुरुम खदान, मरोदा केम्प, मौहारी भाठा में सांस्कृतिक मंच के पास, श्याम नगर केम्प–02 में पानी टंकी के पास, महात्मा गांधी नगर, जोन 03 खुर्सीपार में क्रान्कि मार्केट, श्रमिक बस्ती में स्थित आंगनबाड़ी केन्द्र, कोहका पुरानी बस्ती में आंगनबाड़ी के पास आर्यनगर, नेवई भाठा में जयस्तंभ चौक के पास, मिनीमाता नगर में विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन कर शिविर ममें आये 101 मरीजों का पंजीयन कर (जिसमें 02 दस्त एवं 99 अन्य सामान्य सर्दी खांसी, हाथ–पैर दर्द, कमर दर्द, गैसेटिक के मरीज) रोग निरोधक दवाईयां दी गई। दस्त से प्रभावित मरीजों को 07 ओ.आर.एस. पैकेट का वितरण किया गया। शिविर में आये मरीजों को जन जागरुकता के लिए पीलिया रोग से बचाव संबंधी 100 पाम्पलेट वितरित किया गया।

मच्छर उन्मूलन हेतु शिविर दल द्वारा उपरोक्त वार्डों में शिविर स्थल के आसपास एवं मोहल्ले में हैण्डसेट फागींग मशीन द्वारा 1200 एम.एल. मैलाथियान के धुएं का छिड़काव एवं स्प्रेयर पम्प द्वारा 4000 एमएल मैलाथियान नालियों एवं गन्दे स्थानों पर छिड़काव किया गया।

निगम आयुक्त के0एल0 चौहान द्वारा बढ़ती गर्मी एवं हो रही तेज धुप से होने वाले लू के प्रभाव से बचाव हेतु आम नागरिकों से अपील की गई है कि घर से निकलने से पहले सिर व कानों को कपड़े से ढ़ककर निकलें, पानी अधिक मात्रा में पीयें, शीतल पेय पदार्थ जैसे फलों का रस, लस्सी, मठा वगैरह का अधिक से अधिक सेवन करें, अधिक समय तक धुप में न रहें, उल्टी, सिरदर्द, चक्कर, तेज बुखार होने की दशा में निकटतम अस्पताल अथवा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में आवश्यक सलाह या उपचार लिया जावे।

जन सम्पर्क अधिकारी